तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 बनारस में इशिता कश्यप को मिला सम्मान



## खबर संक्षेप

### घिवरा में भव्य नागलीला एवं मेला महोत्सव 6 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत घिवरा में परंपरा और आस्था का प्रतीक 5 दिवसीय भव्य नाग लीला एवं मेला महोत्सव का आयोजन 6 जनवरी से 10 जनवरी तक किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। इसके साथ ही प्रतिदिन रात्रि में 8 बजे से 11 बजे तक कृष्ण लीला का आयोजन भी किया जाएगा। नाग लीला मेला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, नाग देवता की लीला, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जय हनुमान राम लीला मंडली समिति द्वारा संचालित एवं ग्रामीणों द्वारा मंच, पंडाल, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर नाग लीला का आनंद और इस पारंपरिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### आजीविका एवं रोजगार ऋण मेले में लगाया जाएगा संबंधित स्टॉल

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैंकर्स की बैठक लेकर प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के अंतर्गत सभी बैंकों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु अभ्युदय ऋण प्रकरणों का त्वरित परीक्षण कर समयबद्ध स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आर्थिक सहायता मिल सके। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य शासन द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत कुल 885 ऋण प्रकरणों का लक्ष्य स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर ने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों एवं बैंकों के बीच बेहतर समन्वय कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभ्युदय योजना की प्रगति की साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में नियमित समीक्षा की जाएगी।

### किसान पोर्टल में संशोधन के लिए 7 तक जमा होंगे आवेदन

**सक्ती।** कृषकों के समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कैरीफारवर्ड, डूबान व वनपट्टाधारी कृषकों के पंजीयन का प्रावधान समस्त समितियों के लॉगीन में किया गया था, किन्तु अतिरिक्त समय के उपरांत भी एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन संशोधन हेतु कृषकों द्वारा आवेदन किया जा रहा है। राजस्व विभाग के अधिकारीयों व पटवारियों द्वारा किये गए भौतिक सत्यापन उपरान्त विवरण संसोधन का प्रावधान 7 जनवरी तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन किया जा रहा है। सम्बंधित कृषक 7 जनवरी से पूर्व अपने से संबंधित सेवा सहकारी समितियों में जाकर आवश्यक सुधार करा लेवें।

### कलेक्टर ने मड़वा धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** मड़वा स्थित धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी समितियों में आगामी 7 खरीदी दिवस के जारी टोकन का विवरण संबंधित पटवारी, आरएईओ प्राप्त करेंगे। राजस्व और कृषि विभाग की टीम जारी टोकन में दूसरे और तीसरे टोकन का शत-प्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने-अपने आवंटित उपार्जन केंद्रों में साप्ताहिक आबंटित भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। साथ ही धान खरीदी केंद्र में धान पहुंचते ही उसकी रजिस्टर में एंट्री दर्ज की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी कौशल साहू, सीसीबी नोडल अधिकारी अमित साहू, विनय पटेल सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाइवे टोल नाका में अंधेरगर्दी : घर पर खड़ी कार का फास्टटैग से कट गया टैक्स

## एनएच 49 पर पाराघाट टोल प्लाजा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा






राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा में वसूली की अंधेरगर्दी का मामला सामने आया है। दरअसल जिले के एक वाहन मालिक की कार घर पर ही खड़ी थी और नए साल के पहले दिन उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर 80 रुपए टोल टैक्स कटने का संदेश प्राप्त हुआ। बताया जाता है कि टोल टैक्स जांलगीर और बिलासपुर के बीच पाराघाट प्लाजा में कटा है। इसको लेकर उन्होंने कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए शिकायत की है।

इस संबंध में मिली शिकायत के अनुसार जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम सरखों निवासी विजेन्द्र साहू की कार के फास्टटैग में रजिस्टर्ड मोबाइल पर नए साल 2026 के पहले दिन ही गुरूवार 1 जनवरी की सुबह एक मैसेज आया। प्राप्त मैसेज में उसके कार क्रमांक सीजी 11 बीएल 4069 के नाम से पाराघाट टोल प्लाजा में 80 रुपए फास्टटैग के माध्यम से काटे जाने की जानकारी थी। इस मैसेज को देखने के बाद विजेन्द्र साहू चकित रह गए, क्योंकि उनकी कार पूरे दिन से घर के बाहर ही खड़ी थी। ऐसे में उन्हें यह समझते जरा भी देर नहीं लगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना सफर किए ही पाराघाट टोल प्लाजा में उनके कार के नाम से टोल टैक्स कट गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके मोबाइल पर यह मैसेज सुबह प्राप्त हुआ था। जिसमें सुबह 8:03 बजे वाहन के टोल प्लाजा पार करने का मैसेज आया, जबकि उसी समय उनकी कार घर पर ही खड़ी थी। वाहन में लगे जीपीएस के आधार पर उन्होंने फोटो भी सुरक्षित किया है। उनका कहना है कि संबंधित नंबर से सिर्फ उनकी ही गाड़ी पंजीकृत है, ऐसे में या तो नंबर का दुरुपयोग हुआ है अथवा टोल कर्मचारियों द्वारा जबरन टोल काटा गया है। पीड़ित ने मामले में शिकायत नैला थाने में दी है साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया है कि उक्त नंबर से टोल काटने वाली किसी भी गाड़ी से यदि कोई आपराधिक घटना या दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी उनकी नहीं होगी।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 में टोल प्लाजा में फास्ट टैग से वाहनों में अधिक टैक्स कटने की शिकायतें मिल चुकी है। वहीं अबकी बार रजिस्टर्ड वाहन के घर पर ही खड़े होने के बावजूद हाइवे टोल पर टैक्स की राशि आनलाइन फास्ट टैग से कटने के इस नए मामले में कई तरह के सवाल खड़े कर दिए है। कुल मिलाकर कारण चाहे जो भी हो लेकिन घर पर खड़ी गाड़ी का फास्ट टैग से टोल प्लाजा पर टैक्स कटने के इस नए मामले में टोल प्लाजा में कार्यरत स्टाफ की कार्यशैली पर कई तरह के सवाल खडे कर दिए है। इसको लेकर शिकायतें भी हुई है।

## नेताजी चौक जांजगीर स्थित फर्नीचर दुकान की घटना

# सीढ़ी से गिरकर मजदूर की मौत सड़क पर शव रखकर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करते परिजन।

नए साल के दूसरे ही दिन जिला मुख्यालय जांजगीर के हदय स्थल नेताजी चौक स्थित फर्नीचर दुकान में सीढ़ी से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने बीच सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। चौक पर चारों तरफ से आवागमन बंद होते ही गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। इस बीच पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की समझाईश तथा पीड़ित परिवार को तत्कालिक तौर पर 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के उपरांत मामला शांत हुआ। इसके बाद जांजगीर से चांपा, अकलतरा सहित अन्य मार्गो पर वाहनों की आवाजाही प्रारंभ हो सकी।

इस संबंध में सिटी कोतवाली जांजगीर से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम खोखसा निवासी हरिचरण प्रधान विगत 15 सालों से नेताजी चौक स्थित फर्नीचर दुकान में काम करता था। शुक्रवार 2 जनवरी को काम के दौरान सीढ़ी से फिसलने पर उसके पैर में गंभीर चोटें आई। जिसके बाद उसे चांपा स्थित नायक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार 2 जनवरी को शाम के समय उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। वे सड़क पर शव रखकर बैठ गए। परिजन नेताजी फर्नीचर के संचालक को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। प्रदर्शन के कारण नेताजी चौक पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इधर मामले की सूचना मिलते ही जांजगीर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को धरना प्रदर्शन नहीं करने की चेतावनी देते रहे। इस बीच परिजन लगातार मुआवजे की मांग पर अडे रहे। साथ ही साथ जमकर नारेबाजी भी की। माहौल को तनावपूर्ण देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। इस बीच दुकान संचालक के द्वारा 50 हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि दिए जाने पर मामला शांत हुआ। इसके बाद मृतक हरिचरण के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

### दी गई सहायता राशि

फर्नीचर दुकान में काम करने वाले युवक की सीढ़ी से गिरने के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर परिजनों ने प्रदर्शन किया। वहीं दुकान संचालक द्वारा 50 हजार रुपए की सहायता राशि दिए जाने पर मामला शांत हुआ।

-जे.पी. गुप्ता
नगर निरीक्षक
सिटी कोतवाली जांजगीर

# अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई, 96 क्विंटल धान जब्त

## राजस्व, खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं मंडी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



धान की जब्ती बनाने पहुंचे अफसर।

धान के अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम द्वारा 96 क्विंटल धान जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व, खाद्य, कृषि, सहकारिता एवं मंडी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध धान जब्त किया गया है। संयुक्त दल द्वारा धान उपार्जन केंद्र अकलतरा में जांच के दौरान किसान के टोकन पर अन्य व्यक्तियों द्वारा खपाए जा रहे 21 कट्टी धान को पकड़कर जब्ती की कार्रवाई की गई। वहीं ग्राम हरदी में एक दुकान से 40 कट्टी अवैध धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया गया। बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम रोहदा में राजस्व एवं मंडी विभाग द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिव कुमार बरेठ के पास 180 बोरी धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया। संबंधित व्यक्ति द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान भंडारण, परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### खरीदी केंद्र से नहीं हो रहा धान का उठाव, प्रभारी परेशान



**देवरी सारागांव।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित कड़ारी, पंजीयन क्रमांक 663 अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्र से समय पर धान की उठाव नहीं होने से केंद्र प्रभारी की परेशानी बढ़ गई है। केंद्र प्रभारी अनमोल सिंह ठाकुर ने बताया कि 12 दिसंबर से 30 दिसंबर तक की अवधि के लिए धान उठाव का डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) पहले ही कट चुका है। 12 दिसंबर को एक वाहन के माध्यम से धान उठाव हुआ था, लेकिन उसके बाद बीते 18 दिनों में एक भी गाड़ी केंद्र तक नहीं पहुंची है।कड़ारी धान खरीदी केंद्र से लगभग 8 हजार बोरियों का डीओ जारी किया गया है, बावजूद इसके धान का उठाव नहीं होने से खुले में रखा धान सूखने लगा है। इससे धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। प्रभारी ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि धान सुखने से नुकसान होता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा। समय पर उठाव नहीं होने से प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरते हेरा, अन्नदान का महापर्व आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शनिवार को लोक आस्था का पर्व छेरछेरा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार को लेकर युवा व बच्चे अभी से जुट गए है।

ज्ञात हो कि शनिवार 3 जनवरी को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व छेरछेरा मनाया जाएगा। इस पर्व के साथ किसानों की मेहनत और फसल की खुशहाली का जश्न मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, छेरछेरा के दिन किसान अपनी फसल को भंडार गृह में संग्रहित कर खेती-किसानी से निवृत्त हो जाते हैं। यह पर्व प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। इस दिन ग्रामीण इलाकों में बच्चे और युवा घर-घर जाकर धान मांगते हैं और छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरहेरा का नारा लगाते हैं. इस परंपरा का उद्देश्य समाज में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करना है। छेरछेरा पर्व पर घर-घर अनाज दान करने की परंपरा है. इस दिन महिलाएं सुबह से ही अपने घर के भंडार से धान निकालकर टोकरी में रख लेती हैं. जब बच्चे और टोलियां धान मांगने आती हैं, तो उन्हें एक-एक मुट्ठी धान दान किया जाता है। इस दौरान पर्व को लेकर बच्चे एक दिन पहले से ही उत्साहित है।

## 8 माह से फरार लूट का आरोपी गिरफ्तार, सब्जी लेने जा रहे युवक से की थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



सब्जी लेने जा रहे युवक से लूट और मारपीट के मामले में पुलिस ने 8 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है।

बम्हनीडीह के सोंठी निवासी सुमीत कुमार पटेल उम्र 29 वर्ष ने 5 मार्च 2025 को बाराद्वार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, वह सुबह करीब 6:10 बजे सक्ती सब्जी मार्केट जा रहा था। इसी दौरान सकरेली ओवरब्रिज के ढलान पर एक युवक ने लिफ्ट मांगी। मोटरसाइकिल रोकते ही वहां दो अन्य युवक पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने सब्जी लटकाने वाले डंडे से हमला कर प्रार्थी के सिर पर चोट पहुंचाई और उसकी पैंट की जेब से पर्स निकालकर 5300 रुपये लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकूर के मार्गदर्शन, एएसपी हरीश यादव एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अंजली गुप्ता के निर्देशन में बाराद्वार पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। 2 जनवरी को आरोपी के घर आने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों राजकुमार यादव (22 वर्ष) एवं अजय कुमार खुंटे (19 वर्ष), दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। तीसरा आरोपी गोलू उर्फ दातादास महंत घटना के बाद से फरार था। कार्रवाई में निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल, प्रधान आरक्षक श्रीकांत सेंगर, मनीष राजपूत, आरक्षक योगेश राठौर, टकेश्वर कटकवार एवं रामनिवास उरांव का योगदान सराहनीय रहा।

## सायबर सुरक्षा एवं आपातकालीन सहायता को लेकर दी जा रही जानकारी

# महिला शक्ति किसी भी समाज की प्रगति की होती है आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल एसपी एवं अन्य।

महिला शक्ति किसी भी समाज के प्रगति की आधारशिला होती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर महिलाओं को सायबर सुरक्षा तथा आपातकालीन सहायता से संबंधित जानकारियां प्रदान की जा रही है।

ज्ञात होकि रजत जयंती के अवसर पर महिला सुरक्षा के लिए 11 दिवसीय जन- जागरूकता अभियान की सफल शुरूआत की गई। महिला सुरक्षा पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 1 से 11 जनवरी तक अलग-अलग जगह में पुलिस द्वारा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पुलिस की रजत जयंती के सफल आयोजन के अंतर्गत महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 1 जनवरी से 11 जनवरी तक 11 दिवसीय "अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा जन -जागरूकता अभियान" का आयोजन जांजगीर पुलिस द्वारा किया जा रहा है। अभियान का उद्घाटन समारोह 1 जनवरी को पुलिस लाइन जांजगीर के सीसीटीएनएस कक्ष में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियंका अग्रवाल पंचम अपर सत्र न्यायधीश जांजगीर एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में तथा सीएचपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के नेतृव में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों, साइबर सुरक्षा, तथा आपातकालीन सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान करना है। अभियान के दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा विकसित अभिव्यक्ति ऐप का वृहद स्तर पर प्रचार -प्रसार किया जाएगा। अधिक से अधिक महिलाओं एवं युवतियों के मोबाइल फोन में इस ऐप को डाउनलोड कराकर उनका पंजीकरण कराया जाएगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें। यह ऑनलाइन सेफ्टी मॉड्यूल कुल 9 महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित है। महिला शक्ति किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होती है। सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। उपरोक्त शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी सहित समाज के प्रतिष्ठित महिला एवं सामाजिक कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## 55 लीटर शराब के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार



55 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम सरहर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम सरहर निवासी दलीप कुमार सतनामी पिता बालाराम सतनामी उम्र 33 वर्ष द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जानकारी मिली। निरीक्षक नरेन्द्र यादव थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा 1 जनवरी को ग्राम सरहर में टीम बनाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी दिलीप कुमार सतनामी पिता बाला राम सतनामी उम्र 33 वर्ष निवासी सरहर थाना बाराद्वार, जिला सक्ती के कब्जे से 55 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया। उक्त शराब की कीमत 55 सौ रुपए बताई जा रही है। जिसे आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक मनीष राजपूत, प्रधान आरक्षक श्रीकांत सेंगर, आर. योगेश राठौर, आरक्षक टकेश्वर कटकवार, का योगदान रहा ।

## खबर संक्षेप



### स्नेह सदन में हुआ निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा नगर के स्नेह सदन वृद्धाश्रम मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी वृद्ध जनों को विभिन्न जांच करते हुए चिकित्सा लाभ पहुँचाया गया एवं उन्हें आवश्यक दवाइयां, च्वनप्राश वितरित की गई। साथ ही रोग मुक्त रहने के लिए नियमित योग करने एवं खान पान पर विशेष ध्यान देने हेतु जागरूक किया गया।

### बनारस में इशिता कश्यप को मिला सम्मान



**कोरबा।** इशिता कश्यप को इन दिनों खुब बधाई मिल रही है अपनी एकल प्रस्तुति के दौरान इशिता आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरे प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देती हैं। अभी हाल ही में इशिता को शिव की नगरी के नाम से मशहूर बनारस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य संगीत प्रतियोगिता काशी विश्वनाथ नृत्य महोत्सव में अपनी विशेष प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था, जहां इशिता को सम्मान स्वरूप पगड़ी पहना कर भारतीय नृत्य कला श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह आयोजन 27 एवं 28 दिसंबर को बनारस के दुर्गा कुंड के सामने श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार भवन में आयोजित किया गया था, इशिता अपने गुरुओं के सतत मार्गदर्शन में निरंतर कत्थक के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा में योगदान देती आ रही हैं। लगातार अभ्यास और समर्पण से उन्होंने इस कला में दक्षता प्राप्त की है।

### आज सुरक्षित तो आने वाले कल भी सुरक्षित : डिंपल

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुरुवार को बालिका गृह आईटीआई रामपुर में प्रोटेक्ट टू डे सोर्स टूमारो शीर्षक पर पर्यावरण संरक्षण के संबंध में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण पृथ्वी के चारों ओर से ढकी एक मोटी चादर के समान है, जो पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करता है। साथ-साथ जीवन जीने के लिए आवश्यक तत्व को बनाए रखने में मदद करता है। पर्यावरण संरक्षण मानवता की जिम्मेदारी है, प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है, ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया व उनकी देखभाल करने के संबध में प्रेरित किया गया, पानी को व्यर्थ ना करें और उसे बचाने के तरीके अपनाये, हम सभी को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करके पर्यावरण को बचाने में मदद करनी चाहिए क्यूंकि हमारा भविष्य इसी पर निर्भर करता है। उक्त शिविर में बालिका गृह के अधिक्षिका व समस्त कर्मचारी सहित लगभग 44 बच्चे उपस्थित रहे।

# वन भूमि पर वन अधिकारी द्वारा किया जा रहा बेख़ौफ़ कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

कटघोरा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर (खुटरीगढ़) के नेशनल हाईवे बायपास मार्ग पर स्थित शासकीय वनभूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार इस भूमि पर ग्रीन पर्दा लगाकर लगातार निर्माण व घेराबंदी का कार्य किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह कब्जा किसी आम व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि वन विभाग के ही एक अधिकारी द्वारा किए जाने की बात सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार विभाग के अधिकारियों तक इस अतिक्रमण की सूचना पहले ही पहुँच चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई के बजाय मौन बनाए रखने से कई तरह के संदेह जन्म ले रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब विभाग के ही अधिकारी शासकीय भूमि पर कब्जा करेंगे, तो आम लोग नियमों का पालन कैसे करेंगे? एक ग्रामीण ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में वनभूमि को लेकर अतिक्रमण की कोशिशें नियमित रूप से हो रही हैं, लेकिन विभाग की निष्क्रियता के कारण लोगों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। जब इस मामले में रामपुर पंचायत के सरपंच प्रदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम से अनभिज्ञता जताई। सरपंच ने कहा मुझे इस तरह के किसी कार्य की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा कोई अतिक्रमण हुआ है तो यह पूर्णतः गलत है। शासकीय भूमि पर कब्जा करने से पहले पंचायत को जानकारी देना अनिवार्य है। मैं इस पर विभाग को सूचित करूँगा और उचित कार्रवाई की मांग करूँगा। सरपंच के इस बयान से साफ है कि स्थानीय प्रशासनिक इकाइयों को भी इस विषय में कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई, जो स्वयं में एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है।

### ग्राम पंचायत ने कब्जे का किया है विरोध



#### विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में वनभूमि पर अवैध कब्जे के मामले सामने आए हों। लेकिन विभाग द्वारा लगातार चुप्पी साधे रखने और किसी भी तरह की औपचारिक कार्रवाई न किए जाने से लोग खुलकर अतिक्रमण करने से नहीं झिझक रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर इस तरह के अवैध कब्जे मौजूद हैं, लेकिन वन विभाग की निष्क्रियता और उदासीन रवैये के कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## जिला सहित उपनगरीय क्षेत्रों के मंदिरों में भक्तों की रही भीड़

# मंदिरों में दिखी नववर्ष की भक्ति तो पर्यटन स्थलों में दिखा उत्साह



सर्वमंगला मंदिर के बाहर भक्तों की भीड़।



भवानी मंदिर में लगी भक्तों की कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नववर्ष का पहला दिन गुरुवार से शुरु हुआ भक्ति के दिन के रुप में पहचाने जाने वाले इस दिन नववर्ष की शुरुआत हुई और इस अवसर पर लोगों ने मंदिरों में जाकर माता के चरणों में सिर झुकाकर नववर्ष की शुरुआत की। मंदिरों में जहां नववर्ष की भक्ति नजर आयी तो वहीं सुदूर ग्रामीण अंचलों के पर्यटन स्थलों में नववर्ष का जबरजस्त उत्साह नजर आया। जहां लोग परिवार सहित नववर्ष के खुशियां मनाने जुटे हुए थे।

शहर के सर्वमंगला मंदिर, भवानी मंदिर और कौशिल्या धाम में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का आना जाना रहा। सर्वमंगला मंदिर में तो नववर्ष का पहला दिन नवरात्र के जैसा नजर आया। लंबी लाइन में हाथों में प्रसाद लिए महिला पुरुष की भक्ति नजर आ रही थी। इसी तरह भवानी मंदिर में दर्री क्षेत्र के अधिकांश श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। देर शाम तक कौशिल्या धाम से लेकर भवानी मंदिर तक नववर्ष में देवी का आशीर्वाद लेने जुटे हुए थे। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों के पाली के प्राचीन शिवालय और चैतुरगढ़ स्थित आदि शक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में गुरुवार को नववर्ष के पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए साल का पहला दिन भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया। नववर्ष के पहले दिन दिन जहां मंदिर में भक्ति नजर आ रही थी वहीं पर्यटन स्थल बुका, सतरेंगा, देवपहरी, रानी झरना, परसाखोला, शंकर गुफा, अरेतरा नाला, डूमरडीह के साथ करतला क्षेत्र के मांड नदी का किनारे तो छुरी का झोराघाट पिकनिक मनाने पहुंचे लोगों के भीड़ से गुंजायमान हो रहे थे। भारी भीड़ के बीच युवाओं का उत्साह बच्चों की खेल एवं गीत संगीत के कार्यक्रम भी पर्यटन स्थल में आयोजित किये गये। शाम 4 बजे से पर्यटन स्थल से लोगों का लौटना शुरु हुआ। नव वर्ष के पहले दिन पाली के ऐतिहासिक पुरातात्विक व प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इसके अलावा शहर के शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर, माँ शक्ति दाई मन्दिर, कोसगाई मंदिर एवं चैतुरगढ़ में आदिशक्ति मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में दर्शन पूजन का लाभ उठाया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मां मड़वारानी मंदिर में हुआ विशेष हवन अनुष्ठान



मड़वारानी। आदि शक्ति पर्वतवासनी मां मड़वारानी दाई मंदिर पहाड़ ऊपर मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति मड़वारानी द्वारा प्रति वर्ष कि भांती इस पूजा अर्चना, हवन कर भोग प्रसाद खीर पूड़ी एवं सिद्ध श्री बजरंग बली मंदिर में भंडारा प्रसाद का श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि गुरुवार की सुबह से ही माता मड़वारानी दाई के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। माता की पूजा हवन में यजमान श्रीमती सीमा विनोद कुमार साहू, आचार्य रमाकांत चौबे, व्यवस्थापक संतोष सोनी, पुजारी रूप सिंह, मनोहर कोषाध्यक्ष जेठू सिंह कंवर एवं समिति के अक्तिराम विश्वकर्मा, हरनारायण कंवर, डोरीलाल साहू, वैभव साहू एवं भजन मंडली रामायण प्रसाद, प्रमोद पटेल, रामदयाल उरांव, अनिल कुमार साहू, मोना सोनी, दिव्यांश सोनी शैलेंद्र, चतुर कश्यप, सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उप संचालक समाज कल्याण पर प्रशांति वृद्धाश्रम के केयरटेकर पर धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर के समीप संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम के केयअर टेकर को पंचायत समाज कल्याण के उप संचालक और परीविक्षा अधिकारी के द्वारा महिला वार्ड में अनाधिकृत रुप से प्रवेश करते हुए संस्था के केयरटेकर को धमकाये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत संस्था के द्वारा कलेक्टर से की गई है।

**खास बात**

- संस्था ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

शिकायत पत्र में बताया गया है कि समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना एवं परिवीक्षा अधिकरी मुकेश दिवाकर द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के महिला वार्ड में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया गया। दोनों अधिकारियों ने केयरटेकर बीरू यादव को बुलाकर धमकाना शुरू किया और कहा गया कि बुजुर्ग महिला सुखमत बाई बघेल को क्यों रखा गया है। हरीश सक्सेना ने प्रशांत वृद्धाश्रम के लोगों को नेतागिरी करने वाला बोलते हुए दबावपूर्वक बात की गई। दोनों अधिकारियों ने संस्था के पदाधिकारियों से बात करना भी जरूरी नही समझा। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष ने कलेक्टर को की गई शिकायत में बताया कि बुजुर्ग महिला सुखमत बाई बघेल को महापौर द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम में भेजा गया था। सुखमत बाई बघेल समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्नेह सदन वृद्धाश्रम में निवास कर रहीं थीं। महापौर कार्यालय से सुखमत बाई बघेल को प्रशांति वृद्धाश्रम में भर्ती करने के दौरान जानकारी दी गई थी कि उन्हें स्नेह सदन वृद्धाश्रम में प्रताड़ित किया जा रहा है। इसलिए सुखमत बाई बघेल को प्रशांति वृद्धाश्रम में भर्ती किया जाए। बुजुर्ग सुखमत बाई बघेल द्वारा स्नेह सदन वृद्धाश्रम में प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पुलिस में भी दर्ज कराई गई है। कलेक्टर को की गई शिकायत में यह भी बताया गया है कि समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के प्रति निरंतर उपेक्षित व्यवहार किया जा रहा है। पूर्व में भी दो बार समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम के केयरटेकर को धमकाने का कार्य किया गया था। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के कई दस्तावेज (रिकार्ड) भी ले लिए गए थे, जो वापस नहीं किए गए हैं।

**समझाइश देने गये थे**

वहां दो वृद्धाश्रम संस्थाएं चल रहीं हैं उनके बीच कुछ समय से वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। महापौर के कहने पर दोनों संस्थाओं के प्रमुखों को समझाइश देने गए हुए थे। संस्था की जानकारी महापौर को भी दे दी गई है।

**-हरीश सक्सेना,**
उप संचालक पंचायत समाज कल्याण


# TOP IN JANJGIR

**जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ

शिशु एवं बाल्यरोग विभाग

- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)

- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

नेत्र रोग विभाग

- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

दन्त रोग विभाग

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट

- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.

सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.

आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध

15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग

- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, रात में बढ़ना, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग

- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतों की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


## दिगंबर जैन समाज ने पूजन विधान के साथ मनाया नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिगंबर जैन समाज के जैन मिलन समिति ने श्रीदिगंबर जैन मंदिर में नववर्ष पर श्री जी का अभिषेक, शांति धारा, भव्य पूजन एवं शांति विधान के साथ मनाया गया। दिगंबर जैन समाज ने 31 दिसंबर की रात्रि बेला में दिगंबर जैन मंदिर में जैन होजी, जैन भजन संध्या का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उसके बाद रात्रि 10 बजे से प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का भक्तांमर पाठ किया गया। रात्रि 12 बजे जिनेंद्र भगवान की महाआरती की गई। सुबह 7:30 बजे से जिनेंद्र भगवान का श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, भव्य पूजन एवं शांति विधान किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में स्थित आचार्य श्री108 विद्यासागर महाराज, आचार्य श्री108 सन्मतिसागर महाराज, आचार्य श्री108 ज्ञानसागर महाराज, आचार्य श्री108 विरागसागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री105 ज्ञानसागर महाराज की चरण पादुकाओं पर दिगंबर जैन समाज द्वारा पूजन एवं आरती किया गया। इस अवसर पर पर जैन मिलन समिति के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश जैन, वीरेंद्र नारद, डॉ प्रदीप जैन, दिनेश जैन, शांत कुमार जैन, तरुण नायक, आशीष जैन, दीपांशु जैन, मुकलेश जैन, प्रमोद जैन, नेमीचंद जैन, शीलचंद, अजीतलाल जैन, सुबोध जैन, अभिषेक जैन, अखिलेश जैन, देवेंद्र जैन, मुकुल जैन, रेणुनारद, स्नेहलता जैन, अंतिम जैन, रेखा जैन एवं रश्मि जैन उपस्थित थे।

### नोटिस प्रकरणों में दस्तावेज अपलोड एवं सत्यापन के निर्देश

**कोरबा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के जारी निर्देशो के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने चारों विधानसभा के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को एसआईआर मॉड्यूल- डिस्पोजल ऑफ हियरिंग के अंतर्गत नोटिस प्रकरणों में दस्तावेज अपलोड एवं सत्यापन सुनिश्चित किए जाने के सम्बंध में निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर मॉड्यूल- डिस्पोजल ऑफ हियरिंग के अंतर्गत सभी नो मैपिंग प्रकरणों के लिए नोटिस जनरेट करने की सुविधा ईआरओ, एईआरओ लॉग इन में उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इन सभी प्रकरण की सुनवाई किया जाना अनिवार्य है।

### कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र के निर्मित्त व निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा नगर निगम का नवीन सभागार : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अन्य।


कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न निर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति एवं कार्यात्मक उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा भवनों को प्रभावी रूप से उपयोग में लाने हेतु अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने नगर निगम के नवीन सभागार भवन का विशेष रूप से अवलोकन किया और निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभागार के बाह्य हिस्से को आकर्षक स्वरूप देने हेतु रंग-रोगन एवं लाइटिंग व्यवस्था बेहतर करने, परिसर में गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभागार के मुख्य द्वार पर एलईडी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश भी दिए। सभागार के आंतरिक परिसर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मंच को थोड़ा विस्तृत करने, बेहतर वेंटिलेशन व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता के ईको एवं साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने पब्लिक एवं मीडिया गैलरी की व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सभागार में कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन हेतु प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन लगाने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने सभागार के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए दीवारों एवं कॉरिडोर गैलरी को आकर्षक ढंग से सजाने एवं डेकोरेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध समस्त कलेक्टर श्री दुदावत ने रिस्दी मार्ग में निर्मित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन हॉल का निरीक्षण कर भवन की संरचना एवं संभावित कार्यात्मक उपयोग का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कन्वेंशन हॉल के आर्किटेक्चर प्लान का जायजा लिया और अधिकारियों से भवन के प्रभावी उपयोग को लेकर चर्चा की।



# इमरान-यामी की फिल्म हक आज ओटीटी पर

**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक'जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब क्रिटिक्स ने फिल्म को काफी सराहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। शाह बानो बेगम के केस पर आधारित यह फिल्म अब घर बैठे देख सकेंगे। क्योंकि, अब हक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'हक' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर से पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'घर की चार दीवारों से अदालत तक।



लाइफ Style

# अलीजेह

## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत के साथ आएंगी नजर

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ला फैमिली बेलियर' एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। 'ला फैमिली बेलियर' ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था। 'सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की 'खामोशी' जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।' सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म 'धड़क 2' में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से एक्टिंग में डेब्यू किया था।

हॉलीवुड मसाला



# 'मुझसे शादी' गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के साथ शादी के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनस पर देसी रंग चढ़ गया है। वह अक्सर हिंदी गानों पर थिरकते नजर आते हैं। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें म्यूजिक बैंड के मेंबर और उनके भाई साथ नजर आ रहे हैं। निक और बाकी लोग प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्म 'मुझसे शादी करोगे' के टाइटल ट्रैक पर झूमते दिखे। खासकर निक ने इस गाने पर जबरदस्त स्टेप्स किए।





# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 में वेक्ना का होगा खात्मा?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा बताया जा रहा है। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का है। यह सीरीज इन दिनों सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रही है, आखिरी एपिसोड के कई स्पॉलर भी सामने आ रहे हैं। यह सीरीज अच्छाई और बुराई के कॉन्सेप्ट पर ही है। इस सीरीज में विलेन का किरदार यानी वेक्ना पांचवें सीजन में काफी ताकतवार हो चुका है। ऐसे में इलेंवन (सीरीज का लीड कैरेक्टर) और उसकी टीम के लोग वेक्ना का सामना करते हैं, इनमें से कई लोगों के पास सुपरपावर भी हैं। पांचवें सीजन में वेक्ना पास खतरनाक योजना है। हो सकता है कि इस बार सीरीज में कुछ किरदार मर भी जाएं। सोशल मीडिया पर एक खबर है कि हॉकिन्स नाम के किरदार को बचाने की कोशिश भी सीरीज में दिख सकती है।




# 9 को री-रिलीज को होगी किस किसको...

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। उनकी अदाकारी वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया है कि यह फिल्म 9 जनवरी को री-रिलीज की जाएगी। निर्माताओं को यकीन है कि इस बार फिल्म पर दर्शक अच्छा रिस्पॉन्स देंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म को पहले रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' और हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की वजह से सिनेमाघरों में ज्यादा स्क्रीन नहीं मिल पाई थी। इसकी वजह से इसकी कमाई पर असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता रतन जैन के मुताबिक लोगों में अभी भी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का क्रेज है।



# धुरंधर नए साल में कुछ बदलाव के साथ...

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही रणवीर सिंह की धुरंधर का 1 जनवरी को नया वर्जन रिलीज किया गया है। इस नए वर्जन में धुरंधर में कुछ बदलाव किए हैं। साल 2025 में रणवीर सिंह की धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म ने बहुत सी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 1,100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब नए साल पर इस फिल्म को नए अंदाज में रिलीज किया गया है। नए साल पर फिल्म का रिवाइज्ड वर्जन रिलीज किया गया है। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म में कुछ बदलाव बताए गए। उन्हीं बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिल्म का नया वर्जन रिलीज किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, इस नए वर्जन में मेकर्स ने दो शब्दों को म्यूट किया है और एक डायलोग में बदलाव किया है।

टीवी मसाला



# इक्कीस हमारे लिए आखिरी अनमोल निशानी है : अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में दोस्त धर्मेंद्र को यादकर भावुक हो गए। धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी को नए साल पर रिलीज है, पर वह इस दुनिया में नहीं हैं। अमिताभ ने कहा कि 'इक्कीस' उनके लिए उनके दोस्त की आखिरी अनमोल निशानी है, जो उनका परिवार भी था। धर्मेंद्र 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गए और 1 जनवरी 2026 को उनकी फिल्म 'इक्कीस' रिलीज हो रही है। किसी ने सोचा नहीं था कि यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म साबित होगी, और वह इसे देखने के लिए भी नहीं रहेंगे। 'इक्कीस' में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं, जो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं। हाल ही जब अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और डायरेक्टर श्रीराम राघवन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे, तो बिग बी भावुक हो गए। उन्होंने जिगरी यार धर्मेंद्र को याद किया, जिनके साथ ढेरों फिल्में की थीं और गहरा रिश्ता था। वहीं, प्रोमो में अमिताभ बच्चन दोस्त धर्मेंद्र और उनकी फिल्म 'इक्कीस' के लिए कह रहे हैं, 'फिल्म 'इक्कीस' हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो हिंदी फिल्म जगत की महान विभूति अपने करोड़ों चाहने वालों के लिए छोड़ गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक, कला की साधना करना चाहता है और कुछ ऐसा ही किया मेरे मित्र, मेरे परिवार, मेरे आदर्श, धर्मेन्द्र देव जी ने।' अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'धरमजी सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे। और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता किसी के अंदर से। बस यादें बनकर, दुआएं बनकर साथ चलते रहता है।'

# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में नहीं दिखेंगी सौम्या


**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!' दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा, जिसमें शिल्पा शिंदे 'अंगूरी भाभी' के रोल में वापसी कर चुकी हैं।



इस सीजन में पत्नियों की अदला-बदली दिखाई जाएगी और कई सारे ट्विस्ट भी होंगे। सौम्या टंडन ने जब 'भाबीजी घर पर हैं!' छोड़ा था, तो उसके बाद विदिशा श्रीवास्तव ने उन्हें शो में रिप्लेस किया था। अब शिल्पा शिंदे एक दशक बाद'भाबीजी घर पर है 2.0' में अंगूरी भाभी के रूप में लौटीं, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। ऐसे में वो जानने को उत्सुक थे कि क्या टंडन भी वापसी करेंगी? इस बारे में सौम्या ने कहा, 'नहीं, मैं 'भाभीजी घर पर है 2.0' में बिल्कुल भी वापस नहीं आ रही हूं। मैं एक दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हूं। फिलहाल, मैं कुछ और कर रही हूं। इसलिए वापसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' सौम्या टंडन ने यह भी कन्फर्म किया कि वह 'धुरंधर 2' में उल्फत के रूप में वापसी करेंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 'धुरंधर' के दूसरे पार्ट में उनका स्क्रीनटाइम कम होगा। वह बोलीं, ''धुरंधर पार्ट 2' में मेरा रोल बहुत छोटा है क्योंकि मेरे पति की मौत हो चुकी है।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी 'डेमोन कॉलोनी' अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है। इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पार्ट्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई। डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- 'द एंड इज टू फार' यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है। इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

# 2026 में इन फिल्मों का होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश, कार्तिक की रणबीर से होगी टक्कर...

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 फिल्म के दीवानों के लिए मजेदार रहने वाला है। इस साल कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश भी देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से लेकर शाहिद कपूर की ओ रोमियो तक शामिल है।

***जना नायकन और द राजा साहबः*** सबसे पहला क्लैश जनवरी के महीने में ही देखने को मिलेगा। ये क्लैश तमिल भाषा की फिल्म जना नायकन और तेलुगु भाषा की द राजा साहब के बीच होगा। दोनों फिल्में 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जना नायकन में थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साहब में प्रभास और संजय दत्त नजर आएंगे।



***हैप्पी पटेल :*** खतरनाक जासूस और मायासभाः 9 जनवरी के बाद 16 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म होगी। इस फिल्म से इमरान खान फिल्मों में कमबैक करेंगे। हैप्पी पटेल का क्लैश 16 जनवरी को राही अनिल बर्वे की फिल्म मायासभा से होगा। मायासभा एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी।

***तू या मैं और ओ रोमियो :*** शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म तू या मैं और शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का क्लैश होगा। ओ रोमियो को विशाल भरद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं। तू या मैं 14 फरवरी को रिलीज होगी। वहीं, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होगी।

***धुरंधर 2, टॉक्सिक और डकैत :*** 19 मार्च को बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह की धुरंधर का पार्ट 2 इसी दिनी रिलीज होगी। साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक और अनुराग कश्यप की फिल्म डकैत के बीच क्लैश देखने को मिलेगा।

***भूत बंगला और आवारापन 2:*** 2026 में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की भी क्लैश देखने को मिलेगी। अक्षय कुमार की भूत बंगला 2 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, इमरान हाशमी की आवारापन 2 3 अप्रैल को रिलीज होगी।

***नागजिला और लव एंड वॉरः*** लिस्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की फिल्म लव एंड वॉर है। दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं।

## आने वाला हर दिन है अनमोल, आपकी सभी कोशिशें हों सफल

# कमल हासन-चिरंजीवी और धनुष समेत इन साउथ स्टार्स ने दी नए साल की बधाई

*नई दिल्ली। नए साल का स्वागत हो चुका है। हर कोई अपने-अपने तरीके से साल 2026 की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा के तमाम स्टार्स भी अपने-अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत जहां अपने घर के बाहर आए और फैंस का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए फैंस को हैप्पी न्यू ईयर बोला है।*

### घर के बाहर खड़े फैंस से मिले रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत नए साल के मौके पर अपने घर के बाहर खड़े फैंस से आके मिले और उनका अभिवादन किया। इस दौरान थलाइवा ने पहले हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया, उसके बाद दोनों हाथ जोड़कर फैंस को धन्यवाद बोला। इस दौरान भारी संख्या में घर के बाहर फैंस इकट्ठा नजर आए।

### आपकी कोशिशें सफल हों

सुपरस्टार कमल हासन ने भी अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एक और साल आने वाला है। पिछले साल से बेहतर, दयालु और समझदार बनने का एक और मौका। उत्कृष्टता एक निरंतर प्रक्रिया है। आपको नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला हर दिन अनमोल है। आपकी सभी कोशिशें सफल हों और आपको खुशी दें।'



***अल्लू अर्जुन ने फैंस का जताया आभार :*** 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने फैंस के लिए शुभकामनाएं भेजते हुए लिखा, 'जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मेरे मन में केवल कृतज्ञता है। इस सफर के लिए, इससे मिले सबक के लिए और मेरे चारों ओर मौजूद प्यार के लिए। मेरे प्रशंसकों हर पड़ाव पर मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका विश्वास मुझे हर दिन शक्ति और उद्देश्य देता है। उत्साह से आगे देख रहा हूं, आने वाले समय की शुरुआत के लिए तैयार हूं। नए साल 2026 की शुभकामनाएं।'

### सकारात्मकता और एकजुटता से करें नए साल का स्वागत

मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। एक्टर ने लिखा, 'आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए इस वर्ष का स्वागत सकारात्मकता, आशा और एकजुटता के साथ करें और इसे सभी के लिए एक सुंदर साल बनाएं। नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं।'

### इन स्टार्स ने भी दीं शुभकामनाएं

इसके अलावा साउथ के कई अन्य स्टार्स ने भी नए साल की शुभकामनाएं दीं। इनमें जूनियर एनटीआर, प्रभास, कार्थी, प्रकाश राज और रवि तेजा के नाम शामिल हैं।

### धनुष ने फैंस को बताया अपनी ताकत

*अभिनेता धनुष ने 2025 का आभार जताते हुए नए साल का स्वागत किया। अपने फैंस का आभार जताते हुए धनुष ने उन्हें अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धनुष ने अंत में 'ओम नमः शिवाय' के साथ अपनी शुभकामनाएं पूरी कीं।*

### विजय ने फोटोज के साथ दीं शुभकामनाएं

*अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने नए साल वेकेशन की कई तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वो अपने दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं मेरे प्यारे दोस्तों। हम साथ-साथ आगे बढ़ें, ढेर सारी यादें बनाएं, अच्छे काम करें, प्यार, खुशी और जीवन को आगे बढ़ाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।'*

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ मैराथन धावक का किया गया सम्मान




**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की आंग्ल नववर्ष के अवसर पर कुंवर भुवन भास्कर सिंह माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित कार्यालय में बैठक माँ सरस्वती की पूजा वंदना से प्रारंभ हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बना हिल के संस्थापक डॉ जयकुमार जैन ने की। बैठक के दौरान कलकत्ता में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित मैराथन दौड़ में प्रथम आने वाले मंच के सदस्य परस राम गोड़ का सम्मान शाल श्री फल एवं तिलक लगाकर किया गया। योगाचार्य एवं अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने भक्तिमय भजन व कीर्तन कराकर आध्यात्मिक संदेश के साथ संक्षिप्त ध्यान का अभ्यास कराया व स्वरचित कविता के माध्यम से नववर्ष की शुभकामनाएँ व्यक्त की। सदस्य संतराम साहु ने हारमोनियम वाद्य के साथ भजन व गीत सुनाई एवं दशरथ नामदेव ने भी अपनी कविता के माध्यम से समा बांधा। जनवरी माह में जन्मतिथि वाले वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र जैन ,प्रथम बार पधारने वाले सदस्य नरेश केडिया व डाक्टर जय कुमार जैन का स्वागत सम्मान किया गया। आगामी बैठक 26 जनवरी को संध्या चार बजे आयोजित करने की जानकारी दी गई। बैठक में डा जी पी दीक्षित, घनश्याम राजवाड़े, जयकुमार अग्रवाल, टी आर देवांगन, धनाराम, धारी सिंह, भरत सिंह चंदेल, दरस यादव सहित सदस्यग उपस्थित रहे।

### अकलतरा डीसी में सोलर ऊर्जा से बिजली उत्पादन में हो रही बढ़ोत्तरी



**अकलतरा।** विद्युत संभाग अकलतरा में सोलर वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन सोलर द्वारा नगर पंचायत नरियरा के पार्षद सुशांत बंजारे ,नगर पालिका अकलतरा के पूर्व पार्षद रविन्द्र साहू ,ग्राम तागा के सहदेव साहू ,मनीष साहू ,अकलतरा घिसी राम केवट ,मुलमुला के व्यवसाई लाल सिंह ,सहित कई उपभोक्ताओं ने सोलर इंस्टॉल करा कर उपभोक्ता से उत्पादक बने। अकलतरा डीसी के सहायक अभियंता बी एल जांगड़े ने बताया कि अकलतरा डीसी में लगभग 200 किलो वाट सोलर पैनल का पीएम सूर्य घर योजना के तहत इंस्टॉलेशन कराया जा चुका है,इसमें शारदा कंस्ट्रक्शन वेंडर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सोलर पैनल इंस्टॉलेशन में विद्युत विभाग से बीएल जांगड़े ,लाइन मेन रवि कश्यप मनीष टांडे सहित स्टाफ उपस्थित रहे शारदा कंस्ट्रक्शन से राजा सिंह , ऐश्वर्य सिंह अभिनव सिंह ,तरुण साहू मनीष गौरहा ने अपना योगदान दिया ।

### ओपन चैलेंज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**शिवरीनारायण।** खेल प्रेमियों के लिए क्षेत्र में ओपन चैलेंज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले एवं प्रदेश की नामी-गिरामी टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन अन्तर्राष्ट्रीय कथा व्यास राजकुमार शर्मा (सरवानी वाले) ने किया। इस अवसर पर प्रकाश बिल्लू बंसल, ओमप्रकाश शर्मा, बसंत देवांगन, पिंटू भट्ट , ओमप्रकाश साहू, टी आर कुर्रे, अजय बंजारे, कोमल साहू, प्रीति रोहिदास, उग्रेश्वर गोपाल केवट, अजय केवट, विमल सारथी, सुंदर्शन मानिकपुरी, विकास केवट,आनंद केशरवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 50 हजार एवं ट्रॉफी सहित अनेक ट नकद पुरस्कार ,ट्रॉफी, मोमेंटो , घड़ी देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए टीमों का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। 5 जनवरी तक एंट्री ओपन है। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## निधन

### कौशल टंडन

**अकलतरा।** ग्राम पोंड़ी दलहा के प्रतिष्ठित नागरिक कौशल टंडन का 31 दिसंबर को हृदयाघात से



आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गये। वे प्रारंभ से ही मेघावी छात्र रहे तथा अध्ययन काल में गोल्ड मेडलिस्ट एवं मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया था। वर्तमान में पंचायती राज में महिलाओं की भुमिका पर पीएचडी कर रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पोडीदल्हा में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे क्षेत्र की प्रतिष्ठित पत्रकार सीता टंडन के पति थे।

### कैलेण्डर 2026 का विमोचन : अतिथियों ने कहा सभी दल के नेताओं को एक मंच पर लाना इस अखबार की खासियत

# निर्भीक पत्रकारिता के साथ सामाजिक सहभागिता की मिसाल है हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हरिभूमि 2026 के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन समारोह शुक्रवार 2 जनवरी को सर्किट हाउस जांजगीर में जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एवं दुधाधरी मठ व शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, जिला सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत की सभापति मोहन कुमारी साहू, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक आयुष डॉ. परस शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रवक्ता विकास शर्मा, डीबी ग्रुप के चेयरमेन धीरेन्द्र बाजपेयी, ठा. कमलेश सिंह बाबा, निर्मलदास वैष्णव, रिखेन्द्र तिवारी, युवा भाजपा नेता दिव्यांश शेखर चंदेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों के स्वागत से हुआ। अतिथि सत्कार की परंपरा के बाद राजेश्री महंत के साथ सभी अतिथियों ने हरिभूमि वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। इस मौके पर राजेश्री महंत ने कहा कि हरिभूमि निष्पक्ष और निर्भिक पत्रकारिता के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन बखूबी कर रहा है। यह अखबार आम लोगों से इस तरह जुड़ गया है कि सभी वर्गों के लोग इस परिवार के सदस्य की तरह है। हरिभूमि का यही अपनापन और लगाव हर नए वर्ष में कैलेण्डर विमोचन के कार्यक्रम के बहाने सभी दलों के जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर आसीन करता है। विधायक ब्यास कश्यप ने हरिभूमि के शुरुआती दिनों की याद करते हुए कहा कि वे बिलासपुर और रायपुर संस्करण के शुभारंभ अवसर के साक्षी रहे हैं। तब से लेकर हरिभूमि की विकास यात्रा अनवरत जारी है। हरिभूमि ने 1 रुपए की दर पर अखबार उपलब्ध कराने की पहल की थी, तभी से यह सभी लोगों के लिए सुलभ रहा है। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कैलेण्डर विमोचन के साथ नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के बढ़ते इंटरनेट के प्रयोग और सोशल मीडिया के चलन से समाचारों में विश्वसनीयता का संकट है। सोशल मीडिया पर फेंक न्यूज की भरमार है। ऐसे समय में अखबार की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि अखबार को ही प्रमाणित माना जाता है। उन्होंने कई उदाहरण देते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि हरिभूमि अपनी निष्पक्ष व निर्भिक पत्रकारिता से शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने नए साल में हरिभूमि के



हरिभूमि कैलेण्डर का विमोचन करते राजेश्री महंत, ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र सिंह, अंबेश जांगड़े, रजनी साहू, दिनेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, मोहन कुमारी, डॉ. परस शर्मा, धीरेन्द्र बाजपेयी, कमलेश बाबा, निर्मलदास वैष्णव



कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते महामंडलेश्वर एवं दुधाधरी मठ व शिवरीनारायण मठ के मठाधीश राजेश्री महंत।

कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम के मंच में सभी दल के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति की सराहना की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि हरिभूमि समूह अपनी निष्पक्ष व निर्भिक पत्रकारिता के साथ जनसरोकार से जुड़े आयोजनों के माध्यम से आम लोगों से परिवार की तरह जुड़ गया है। उन्होंने अखबार के पुराने दिनों को याद करते हुए प्रिंट मीडिया के संघर्ष के दौर का उल्लेख किया। इसके साथ ही हरिभूमि की विश्वसनीयता और सामाजिक सरोकारिता की सराहना की। जिला सहकारी बैंक की उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू ने कहा कि हरिभूमि समाचार के अलावा कैलेण्डर के माध्यम से लोगों की दिनचर्या में शामिल हो गया है। अखबारों की अपनी विश्वसनीयता होती है, जिस पर हरिभूमि का विशिष्ट स्थान है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज के दौर में प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया, वेब पोर्टल का चलन बढ़ गया है। ऐसे समय में उन्होंने खबरों की निष्पक्षता, सत्यता को लेकर कहा कि ऐसे समय में जब मोबाइल पर सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरें वायरल होती है तब अखबारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे उन तथ्यों को परखें और सत्यता को पाठकों तक पहुंचाएं। उन्होंने इसके लिए हरिभूमि की निष्पक्षता और निर्भिकता की भी सराहना की। सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक डॉ. परस शर्मा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। हरिभूमि लगातार लोकतंत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। यही वजह है कि अखबार की विश्वसनीयता बनी हुई है। उन्होंने 1 जनवरी को प्रकाशित हरिभूमि के भूमि दान वाले विशेष पेज का उल्लेख करते हुए कहा कि हरिभूमि की यही खासियत है कि वह समाज के विकास में सहभागिता निभाने वालों को सामने लाता है, जिससे सकारात्मक और अनुकरणीय पहल करने की सीख मिलती है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमलेश सिंह बाबा ने कहा कि हरिभूमि जनसरोकार की खबरों को प्रमुखता से उठाता है। बिना किसी भेदभाव के सभी पक्षों को अखबार में स्थान मिलता है। यही वजह है कि कैलेण्डर विमोचन के कार्यक्रम में भी सभी दल के लोग पहुंचे है। डीबी वेचर्स के चेयरमेन धीरेन्द्र बाजपेयी ने कैलेण्डर को उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि हरिभूमि पठनीय और विश्वसनीय अखबार है। यह संस्थान सभी लोगों से आत्मीयता से जुड़ा हुआ है। निर्मलदास वैष्णव ने कहा कि नए साल में कैलेण्डर का प्रकाशन और विमोचन कार्यक्रम के बहाने सभी को एक मंच पर बुलाना हरिभूमि की अपनी परंपरा है। उन्होंने हरिभूमि नाम की धार्मिक व्याख्या करते हुए इसकी महत्ता बताई। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने कहा कि स्थापना वर्ष 2001 से लेकर अब तक पाठकों का जो सहयोग, स्नेह और मार्गदर्शन मिला है उन्हीं सबके बदौलत यह समूह इस मुकाम पर है। श्री परिहार ने पुराने दौर में अखबार के प्रकाशन के साथ कोरोनाकाल की कठिन परिस्थितियों के बारे में उल्लेख करते हुए वर्तमान चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद हरिभूमि के इस आयोजन के लिए समय निकालकर अपनेपन का एहसास कराने वाले सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए सभी से भविष्य में भी यही स्नेह और सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि के चांपा प्रतिनिधि शैलेश शर्मा ने किया। इस मौके पर हरिभूमि के एजीएम मनीष त्रिपाठी, जिला मार्केटिंग प्रभारी लक्ष्मीकांत गुप्ता, नैला प्रतिनिधि अरुण शुक्ला, हरिभूमि के जिला प्रमुख अभिषेक शुक्ला, आईएनएच के प्रभारी मुकेश सिंह बैस, रिपोर्टर राजेश वैष्णव, शंभू सिंह, अमित नामदेव, पामगढ़ संवाददाता दिनेश थवाईत, बिर्रा प्रतिनिधि दयानिधि देवांगन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रांत स्तरीय सम्मेलन को लेकर प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांताध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के तत्वावधान में प्रांतीय स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को रायगढ़ में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के जिलों एवं संभागों से समस्त जिला एवं संभागीय पदाधिकारियों सहित शिक्षक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। 3 जनवरी को प्रांतीय अधिवेशन एवं वैचारिक सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका, पंच परिवर्तन एवं शिक्षक दायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-मंथन होगा। 4 जनवरी को नगर निगम ऑडिटोरियम, रायगढ़ में समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओ.पी. चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा अध्यक्षता गजेन्द्र यादव शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। कार्यक्रम में देवेन्द्र प्रताप सिंह राज्यसभा सांसद, राधेश्याम राठिया सांसद, रायगढ़, श्रीमती रूप कुमारी चौधरी सांसद, महासमुंद एवं श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद, जांजगीर–चांपा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय सहित समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी जिला, संभाग एवं विकासखंड के पदाधिकारियों एवं शिक्षक साथियों से कार्यक्रम में



अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन एवं जिलाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने बताया कि संगठन से जुड़े सभी शिक्षक साथियों एवं सहयोगियों को रायगढ़ महासम्मेलन में आने-जाने के लिए बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रांतीय महासम्मेलन को सफल बनाने में जिला मुख्यालय से विनोद कुमार पाण्डेय, शंकर लाल पाण्डेय,चांपा से जिला सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी, राजेन्द्र जायसवाल, प्रदीप श्रीवास,बलौदा से संतोष साव, बम्हनीडीह से धन्य कुमार पाण्डेय, रामकिशोर देवांगन, उमाशंकर खुटे,पामगढ़ से निधिलता जायसवाल, श्रीमती रीता सिंह,अकलतरा से जीवन यादव नवागढ़ से जिला कोषाध्यक्ष लोमस श्रीवास, सतीश साहू,अश्वनी तिवारी, देवीप्रसाद शर्मा,सहित बसावन लहरे, सतीष कुमार भारद्वाज, अनिल पाण्डेय,लखन कश्यप,अजय चौबे, श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला एवं समस्त प्रतिनिधिगण सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं।

## शिवमहापुराण कथा का सार समाज के लिए प्रेरक : रामानुज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पोड़ी दल्हा स्थित अघोरपीठ जनसेवा अभेद आश्रम में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रवचन सप्ताह के दौरान व्यासपीठ से कथावाचक रामानुज सत्यम कृष्ण महाराज ने शिवमहापुराण के दिव्य प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और वातावरण हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

कथावाचक ने बताया कि शिवमहापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। भगवान शिव को आदियोगी, औघड़दानी और करुणा के सागर के रूप में वर्णित करते हुए कहा गया कि वे समस्त सृष्टि के कल्याणकर्ता हैं। शिवमहापुराण में वर्णित शिवलिंग की महिमा, रुद्राभिषेक, पार्थिव शिवलिंग पूजन और शिवभक्ति के



श्रद्धालुओं को कथा सुनाते रामानुज महाराज

प्रसंग मानव जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का स्वरूप यह संदेश देता है कि त्याग, तप, समर्पण और करुणा ही सच्ची शक्ति है। शिव बिना भेदभाव के सभी को अपनाते हैं, चाहे वह देव हो, दानव हो या मानव। वर्तमान समय में जब समाज नैतिक पतन, स्वार्थ और भौतिकता की ओर बढ़ रहा है, तब सनातन धर्म और शिवतत्व की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। सत्य, संयम और सदाचार को जीवन का आधार बनाएं भगवान शिव का जीवन यह सिखाता है कि सादगी में ही महानता है और सभी के प्रति समान दृष्टि रखना ही सच्ची भक्ति है। कथा के दौरान रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में शिव के गुणों—त्याग, करुणा और तप—को आत्मसात कर ले, तो समाज स्वतः ही सुखी, शांत और समरस बन सकता है। कथा श्रवण करने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, ओम सिंह, दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह सरपंच पोड़ी दल्हा एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### हेलमेट का उपयोग सिर की गंभीर चोटों से बचाव में प्रभावी, साबित होता है जीवन रक्षक

## पुलिस ने जन जागरुकता बाइक रैली निकालकर लोगों को हेलमेट के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस शुक्रवार 2 जनवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर में यातायात पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर हेलमेट जन-जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी 2026 से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के नेतृत्व में यह रैली निकाली गई। रैली को सीएसपी योगिताबाली खापर्डे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हेलमेट




हेलमेट जनजागरुकता बाइक रैली निकालने के पूर्व उपस्थित पुलिस अधिकारी व वरिष्ठजन।

जागरूकता रैली पुलिस नियंत्रण कक्ष जांजगीर से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, नेताजी चौक, नैला रेलवे स्टेशन चौक होते हुए पुनः नेताजी चौक से लिंक रोड के माध्यम से पुलिस नियंत्रण कक्ष पहुंची। रैली में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोपहिया वाहन चलाकर आम नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बताया गया कि हेलमेट का उपयोग सिर की गंभीर चोटों से बचाव में अत्यंत प्रभावी है और यह जीवन रक्षक साबित होता है। रैली के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित गति और जिम्मेदार वाहन संचालन का संदेश दिया गया। पुलिस विभाग के अनुसार जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली कुल मौतों में लगभग 62 प्रतिशत मृत्यु दोपहिया वाहन चालकों की होती है, जिससे यह स्पष्ट है कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया चालक सबसे अधिक प्रभावित वर्ग हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह जागरूकता रैली आयोजित की गई। पुलिस विभाग ने आमजन से अपील की है कि मोटरसाइकिल चलाते समय नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग करें, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें और सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं। सामूहिक प्रयासों से ही सुरक्षित सड़कों का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

